जैव विविधता.....263-266

- अरिट्टापट्टी जैवविविधता विरासत स्थल
- लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2022
- रेड इयर्ड स्लाइडर कछुआ
- जैव विविधता पर कुनमिंग घोषणा
- जैव विविधता के संदर्भ में भारतीय कार्य योजना
- प्रोजेक्ट टाइगर
- जैव विविधता के लिए वित्तपोषण पहल
- पश्चिमी घाट पर कस्तूरीरंगन समिति
- गाडगिल समिति
- वर्ल्ड वाइल्डलाईफ फंड
- 'जैव विविधता (संशोधन) विधेयक, 2021'
- वन अधिकार अधिनियम, 2006
- जैव-विविधता संरक्षण अधिनियम, 2002
- वन संरक्षण अधिनियम, 1980
- वन्य प्राणी अधिनियम-1972
- वैश्विक जैव-विविधता ढांचे पर CBD मसौदा
- विश्व वन्यजीव कोष
- नागोया प्रोटोकॉल
- एमसी मेहता बनाम कमलनाथ

अपशिष्ट प्रबंधन.....267-270

- हरियाणा में स्थापित होंगे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट
- सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध
- केंद्रीयकृत ऑनलाइन पोर्टल
- अपशिष्ट प्रबंधन पर CPCB की रिपोर्ट
- अपशिष्ट प्रबंधन हेतु पांच सूत्रीय कार्य-योजना
- ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम, 2022
- बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022
- प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2022
- प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2018
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016
- कंस्ट्रक्शन एवं डेमोलिशन अपशिष्ट प्रबंधन नियम
- ई-कचरा प्रबंधन नियम

आर्द्रभूमि संरक्षण 270-272

- भारत में रामसर स्थलों की संख्या 75
- जलीय पारितंत्र के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना
- भारतीय प्राकृतिक खेती जैव-इनपुट संसाधन केंद्र

- भारत में वेटलैंड्स का नियमन
- MoEFCC की कार्य योजना
- जलीय पारिस्थितिकी प्रणालियों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय योजना (एनपीसीए)
- राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम
- आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र
- मिशन सहभागिता
- मोंट्रेक्स रिकॉर्ड
- नवीन आर्द्रभूमि संरक्षण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अधिनियम 2017
- आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017
- आर्द्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2010
- रामसर अभिसमय

वन्यजीव संरक्षण.....273-275

- गंगा नदी डॉल्फिन
- हिम तेंदुआ द्वारा पारिस्थितिक संतुलन
- बीमा तकनीक
- प्रोजेक्ट चीता
- इण्डियन बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ
- राज्य वन्यजीव बोर्ड (SBWL)
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)
- वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (WCCB)
- वन्य जीव संरक्षण संशोधन विधेयक-2022
- वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972
- नवीन रहेजा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2001
- टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2012

जैव अर्थव्यवस्था.....275-276

- भारत की जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट, 2022
- भारतीय प्राकृतिक खेती जैव-इनपुट संसाधन केंद्र
- नेशनल बायोफार्मा मिशन
- जैव अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय मिशन
- जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद

ऊर्जा सुरक्षा.....276-277

- ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस पोर्टल
- भारत की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा परियोजना
- हरित हाइड्रोजन के लिए संयुक्त उद्यम की स्थापना
- संयुक्त राष्ट्र ऊर्जा ने वर्ष 2025 के लिए कार्य योजना
- राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन
- इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP) कार्यक्रम
- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन
- राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान
- ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022

कला एवं संस्कृति 278-300

सामयिक मुद्दे.....279-281

- भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन की समस्या
- काशी-तमिल संगमम
- भू-विरासत स्थल: महत्व तथा संरक्षण के प्रयास
- बौद्ध सर्किट
- सित्तनवासल गुफाएं
- शिक्षा प्रणाली में भारतीय ज्ञान परंपरा की अनिवार्यता

भारतीय विरासत.....282-286

- काशी तमिल संगमम
- काशी और तमिलनाडु के बीच संबंधों की पृष्ठभूमि
- महाकाल लोक कॉरिडोर
- अमूर्त सांस्कृतिक विरासत पर यूनेस्को अंतर सरकारी समिति
- यूनेस्को ग्लोबल नेटवर्क ऑफ लर्निंग सिटीज
- तमिल नव वर्ष : पुथांडु
- यूनेस्को विज्ञान रिपोर्ट-2021
- कला संस्कृति विकास योजना, 2023
- प्रसाद योजना
- स्वदेश दर्शन योजना
- आदर्श स्मारक योजना
- एडॉप्ट ए हेरिटेज स्कीम
- सांस्कृतिक मानचित्रण पर राष्ट्रीय मिशन
- राष्ट्रीय अभिलेखागार
- केंद्रीय पुरातत्व सलाहकार बोर्ड (CABA)
- यूनेस्को
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (A. S.I.)
- भारतीय विरासत संस्थान
- प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व स्थल व अवशेष अधिनियम
- उपासना स्थल अधिनियम, 1991
- स्मारक एवं पुरातत्व स्थल व अवशेष अधिनियम, 1958
- अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH)
- कान इलांगो बनाम तमिलनाडु राज्य का मामला

त्योहार व उत्सव.....287-288

- वांगला महोत्सव
- असम का काटी बिहू पर्व
- नुआ खाई उत्सव
- खारची पूजा
- बोनालु त्योहार
- कडालेकाई परिशे उत्सव
- मेदारम जात्रा
- जलीकट्टू पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय
- पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960

चित्रकला.....290-293

- पट्टचित्र पेंटिंग
- रोगन पेंटिंग
- दक्षिण भारत की लघु चित्रकला
- पेंटिंग का क्षेत्रीय स्कूल
- लोक चित्रकला

नृत्यकला.....294-295

- संगीत नाटक अकादमी
- भारतीय शास्त्रीय नृत्य

मूर्तिकला 296-296

- भगवान नटराज
- स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी

स्थापत्य कला 298-300

- महाकालेश्वर मंदिर
- कुतुब शाही स्थापत्य कला
- स्थापत्य कला के प्राचीन स्कूल
- राजपूतकालीन स्थापत्य कला

सामाजिक विकास

सामाजिक सुरक्षा को कर्मचारियों और अन्य श्रमिकों को प्रदान किए जाने वाले सुरक्षा उपाय के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना एवं विशेष रूप से वृद्धावस्था, बेरोजगारी, बीमारी, कार्य संबंधी चोट आदि स्थितियों में आय की सुरक्षा प्रदान करना शामिल है।

- सामयिक मुद्दे
- महिला विकास व संरक्षण
- बाल विकास व संरक्षण
- ट्रांसजेंडर
- वरिष्ठ नागरिक
- दिव्यांगजन
- अनुसूचित जाति व जनजाति
- अल्पसंख्यक वर्ग
- पिछड़ा वर्ग
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
- गरीबी
- शिक्षा
- बेरोजगारी
- स्वास्थ्य
- पोषण व खाद्य सुरक्षा
- संचारी एवं गैर संचारी

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट 2020-22 के अनुसार भारत में केवल 24.4 प्रतिशत लोगों को ही किसी न किसी सामाजिक योजना के तहत कवर किया गया है, जो बांग्लादेश के औसत (28.4 प्रतिशत) से भी कम है।

भारत के सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रति व्यक्ति GDP के 5 प्रतिशत से भी कम है। नागरिकों के सामाजिक कल्याण जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा आदि जैसे प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही मानव विकास के दीर्घकालिक लक्ष्यों और ''सबका साथ, सबका विकास'' पर ध्यान केंद्रित करना प्रमुख हो गया है।

नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 ने स्वास्थ्य तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में सरकारी कार्यक्रमों के उत्साहजनक परिणाम दिखाए। कुल जन्म दर (टीएफआर) वर्ष 2015-16 में 2-2 से घटकर वर्ष 2019-21 में 2 हो गई। स्वास्थ्य अवसंरचना तथा जनता तक पहुंचने वाली सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार सामाजिक सेवाओं के कुल व्यय में स्वास्थ्य पर खर्च का हिस्सा 21 प्रतिशत से बढाकर वित्त वर्ष 23 (बीई) में 26 प्रतिशत हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में 2025 तक सरकार के स्वास्थ्य व्यय को मौजूदा 1.2 प्रतिशत से बढाकर सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत करने की सिफारिश की है। केंद्रीय बजट 2023-24 का मुख्य विषय समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करना है जो विशेष रूप से सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा को प्रोत्साहित करता है, जिसमें किसान, महिला, युवा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), दिव्यांगजन (PwD) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) शामिल हैं।

भारत में सामाजिक सुरक्षा एक मूल अधिकार नहीं है, किन्तु एक कल्याणकारी राज्य होने के नाते राज्य के नीति निदेशक तत्वों, जैसे अनुच्छेद 41, 42 और 47 का पालन करते हुए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना राज्य का कर्तव्य है। चूंकि श्रम समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक सहायता संबंधी लाभ प्रदान करना केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है।



सामयिक मुद्दे

सामाजिक विकास के अन्तर्गत उन समाजों का भी अध्ययन किया जाता है जो परम्परागत स्तर से औद्योगिक विकास के स्तर की ओर उन्मुख है।

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का अर्थ देश के किसी भी भाग में बसे समस्त नागरिक को आय के स्तर, सामाजिक स्थिति, लिंग, जाति या धार्मिक भेदभाव के बीना स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुँच सुनिश्चित करने से है।

इसका उद्देश्य वहनीय, उत्तरदायी गुणवत्ता एवं यथोचित स्वास्थ्य सेवाओं के आश्वासन को सुनिश्चित करना है। इसके तहत स्वास्थ्य संवर्द्धन से लेकर रोकथाम, उपचार पुनर्वास और उपशामक देखभाल तक सभी स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं।

सतत् विकास के लिये एजेंडा-2030 के तहत सभी देशों ने वर्ष 2030 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

महत्व

- सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज न केवल स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये मूलभूत शर्त है, बल्कि यह अन्य लक्ष्यों जैसे-गरीबी उन्मूलन (SDG-1), गुणवत्तापूर्ण शिक्षा (SDG-4), लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण (SDG-5), उत्कृष्ट कार्य और आर्थिक वृद्धि (SDG-8), बुनियादी ढाँचा (SDG-9), असमानता कम करना (SDG-10), न्याय और शांति (SDG-16) आदि की प्राप्ति के लिये भी आवश्यक है।

लाभ

- यह संक्रामक रोगों और रोगाणुरोधी प्रतिरोध के प्रति सुभेद्यता को कम करता है।
- यह सामुदायिक लचीलापन बढ़ाता है।
- स्वास्थ्य पर गरीबों के धन खर्च को कम कर उनकी बचत को बढ़ाता है।
- जनसांख्यिकी लाभांश को लाभ प्राप्त होता है।
- गरीब, महिला और कमजोर वर्गों को स्वस्थ जीवन का आधार प्रदान करता है।

चुनौती

- स्वास्थ्य के क्षेत्र में केवल जीडीपी का लगभग 2.5% का व्यय
- बुनयादी स्वास्थ्य ढाँचे की कमी।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्रों की कमी।
- निजी स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों द्वारा लगभग 70% सेवा प्रदाता।
- स्वास्थ्य बीमा का ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कम पहुँच।
- स्तनपान, स्वच्छता, टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी अन्य जागरुकता की कमी।

महिला श्रम बल भागीदारी

भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर पहले से ही अत्यंत निम्न है। कोविड-19 जनित लॉकडाउन के कारण इसमें और भी गिरावट आई है। उत्पादक आयु वर्ग (15-59 वर्ष) के लिए महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर 2011-12 से 2021-22 के बीच 13.9 प्रतिशत घट गई और 33.1 प्रतिशत से घटकर 19.2 प्रतिशत हो गई।

प्रवृत्ति

- महिला श्रम बल की भागीदारी दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है।
- कोविड अवधि के दौरान, पुरुषों के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के कार्यबल में भी गिरावट आई है।
- भारत में लगभग 70 प्रतिशत कामकाजी महिलाओं ने अपनी नौकरी छोड़ दी है या छोड़ने पर विचार किया।
- ग्रामीण-शहरी अंतराल की तुलना की जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों के कुल रोजगार में अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा 96 प्रतिशत है। इसमें से 98 प्रतिशत पुरुष अनौपचारिक रोजगार की तुलना में महिला अनौपचारिक रोजगार 95 प्रतिशत था।
- शहरी भारत की कुल महिला श्रमिकों में से 82 प्रतिशत और कुल पुरुष श्रमिकों में से 78 प्रतिशत अनौपचारिक क्षेत्र के रोजगार में संलग्न थे।
- यह खराब प्रदर्शन काफी हद तक कार्यबल में भारतीय महिलाओं की बहुत कम भागीदारी के कारण है।

कम श्रम बल भागीदारी का प्रमुख कारण: कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ भेदभाव और सुरक्षा का अभाव है।

- अनौपचारिक एवं असंगठित क्षेत्र में महिला सुरक्षा का अत्यंत अभाव है। आँकड़ों के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिला श्रमिकों के अनौपचारिक क्षेत्र में संलग्न होने की संभावना अधिक है।

सुझाव

- महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनयम, 2013', 'दंड विधि संशोधन अधिनियम, 2013' और 'घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005' जैसे कानूनों को पूर्ण प्रतिबद्धता से लागू करने की आवश्यकता है।
- अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को लिंग आधारित हिंसा के प्रति संवेदनशील बनाना।
- कानूनों के बारे में उन्हें सरल भाषा में जानकारी देना।
- स्थानीय शिकायत समितियों को अधिक कार्यात्मक बनाना।
- कार्यस्थलों पर ऐसे मामलों से निपटने के लिये स्थानीय श्रम ठेकेदारों को संवेदनशील बनाना।

महिला विकास

नवीनतम व महत्वपूर्ण तथ्य

- ग्रामीण महिला श्रम बल भागीदारी दर (एफएलएफपीआर) में वर्ष 2018-19 में 19.7 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2020-21 में 27.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- बजट 2023-24 के प्रावधानों के अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव के स्मरणस्वरूप, मार्च 2025 तक दो वर्ष की अवधि के लिए एककालिक नई लघु बचत योजना, महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा, जो महिलाओं या बालिकाओं के नाम पर आंशिक आहरण विकल्प के साथ 2 वर्ष की अवधि के लिए 7.5 प्रतिशत की नियत ब्याज दर पर 2 लाख रुपए तक की जमा सुविधा का प्रस्ताव देगा।
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार भारत में लिंगानुपात 1020 हो गई है, जबकि 2020-21 में जन्म के समय लिंगानुपात बढ़कर 937 हो गया है। इसके साथ ही मातृ मृत्यु दर वर्ष 2011-13 के 167 से घटकर वर्ष 2017-19 में 103 रह गई है।
- देश के विकास में जेंडर समानता के मुद्दे को मुख्य स्थान दिया गया है। यह धारणा तय सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से प्रतिबिंबित होती है, जिसे आधिकारिक तौर पर 'हमारी बदलती दुनिया: 2030 सतत विकास का एजेन्डा' के रूप में जाना जाता है।
- जेंडर समानता को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने नवंबर 2021 में महिलाओं को सामाजिक और संवैधानिक समानता प्रदान करते हुए हिंदू मैरिज ऐक्ट, 1955 के सेक्शन 5 (III), स्पेशल मैरिज ऐक्ट, 1954 और बाल विवाह निषेध ऐक्ट, 2006 में बदलाव करने का प्रस्ताव पारित किया है। भारतीय संविधान में लैंगिक समानता का सिद्धांत प्रतिष्ठापित है।

नवीनतम घटनाक्रम

महिलाओं के लिए विशेष उद्यमिता प्रोत्साहन अभियान (समर्थ)

समर्थ कार्यक्रम की शुभारम्भ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमी मंत्री द्वारा किया गया।

उद्देश्य: महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना।

लाभ: निम्नलिखित लाभ प्राप्त होंगे:

- महिलाओं के लिए नि:शुल्क कौशल विकास कार्यक्रम में 20 प्रतिशत सीटें आवंटित की जाएंगी।
- उद्यम पंजीकरण के तहत महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की जाएगी।
- विपणन सहायता के लिए योजनाओं के तहत प्रदर्शनियों में शामिल होने हेतु भेजे गए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम व्यापार प्रतिनिधिमंडलों का 20 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के स्वामित्व वाला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को समर्पित है।

'WEST' (इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में महिलाएओं) पहल

हल ही में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने 'इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं' {(Women in Engineering, Science and Technology (West)} नामक पहल की शुरुआत की गई।

- इस पहल की शुरुआत STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए की गई है।
- WEST एक नई I-STEM (भारतीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सुविधाओं) पहल है।

  इसका उद्देश्य: शोधकर्ताओं को संसाधनों से जोड़ना है।
- I-STEM अनुसंधान उपकरण/सुविधाओं को साझा करने हेतु एक राष्ट्रीय पोर्टल है। इसके साथ ही यह शिक्षा और उद्योग जगत में अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी नवाचार में सहयोग को बढ़ावा देता है।
- यह कौशल विकास कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करेगा, साथ ही यह अनुसंधान एवं विकास (R&D) सुविधाओं और R&D सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म तक पहुंच भी प्रदान करेगा।
- WEST पहल के तहत I-STEM द्वारा महिला उद्यमियों के विज्ञान और प्रद्योगिकी से सम्बंधित स्टार्ट-अप्स को प्रदान की जा रही वर्तमान सहायता को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- **STEM में महिलाओं की वर्तमान स्थिति:**
  - विश्व आर्थिक मंच के अनुसार STEM क्षेत्र में छात्राओं और महिला कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व बहुत कम है।
  - स्कूलों में, अधिकांश छात्राएं गणित और इंजीनियरिंग जैसे विषयों के बजाए कला विषय का चयन करती है।
  - विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर तृतीयक शिक्षा में 35 प्रतिशत लड़कों की तुलना में केवल 18 प्रतिशत लड़कियां STEM क्षेत्र में अध्ययन कर रही हैं।
  - संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य-5 लैंगिक समानता से सम्बंधित है। आर्थिक सशक्तिकरण और अधिक प्रतिनिधित्व प्राप्त करने हेतु महिलाएं सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ सक्षम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रही हैं।

महिलाओं के लिए कानूनी सहायता क्लिनिक

29 मार्च, 2022 को 'दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण' (Delhi State Legal Services Authority - DSLSA) ने राष्ट्रीय महिला आयोग (National Commission for Women - NCW) के सहयोग से एक कानूनी सहायता क्लिनिक आरंभ किया है।

उद्देश्य: महिलाओं द्वारा दर्ज की गई सभी शिकायतों को हल करने के लिए एकल-खिड़की सुविधा के रूप में कार्य करना है।

संचालन: राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यालय द्वारा।

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2022

विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने वर्ष 2022 के लिये अपने वैश्विक लैंगिक अंतराल (Global Gender Gap-GGG) सूचकांक में भारत को 146 देशों में से 135वें स्थान पर रखा है। इस सूचकांक को वर्ष 2006 में शुरू किया गया था।

उद्देश्य: लैंगिक अंतराल को समाप्त करने के लिए सबसे प्रभावी नीतियों की पहचान करने में सहायता करना है।

भारतीय अर्थव्यवस्था

वह ढ़ांचा जिसमें किसी देश के आर्थिक कार्यकलापों का वर्णन किया जा सके, अर्थव्यवस्था कहलाता है। ये आर्थिक कार्यकलाप लोगों के उन कार्यकलापों से जुड़े होते हैं, जो यह निर्धारित करते हैं कि देश में किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाएगा।

- सामयिक मुद्दे
- कृषि विकास
- उर्वरक
- पशुपालन एवं डेयरी
- मत्स्य पालन
- खाद्य प्रबंधन
- बैंकिंग
- मुद्रा व्यवस्था
- ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था
- प्रतिभूति बाजार
- बीमा क्षेत्र
- मुद्रास्फीति
- वित्त व्यवस्था
- कर व्यवस्था
- वित्तीय समावेशन
- पर्यटन
- विदेशी व्यापार
- परिवहन
- दूरसंचार
- निवेश व अवसंरचना
- उद्योग

भारतीय अर्थव्यवस्था, महामारी से सामना करने के बाद आगे बढ़ी हुई प्रतीत होती है, वित्तीय वर्ष 2022-23 में कई देशों से आगे पूर्ण पुनर्प्राप्ति कर ली है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का विकास दर 7 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है।

अमृत काल के लिए हमारी संकल्पना में सुदृढ़ लोक वित्त और सशक्त वित्तीय क्षेत्र के साथ, प्रौद्योगिकी-चालित और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था शामिल है, जिसे हासिल करने के लिए सबका साथ सबका प्रयास के माध्यम से जन भागीदारी अनिवार्य है। इस विजन को हासिल करने के लिए आर्थिक एजेंडा में तीन चीजों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है, (I) नागरिकों, विशेषकर युवा वर्ग को, अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध करना, (II) विकास और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना तथा (III) वृहद् आर्थिक सुस्थिरता को सुदृढ़ करना।

अमृत काल के दौरान चार स्तम्भ रुपांतरकारी हो सकते हैं, जिमाने (I) महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, (II) पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास), (III) पर्यटन तथा (IV) हरित विकास शामिल है।

बजट 2023-24 में सात प्राथमिकताएँ, जिनमें समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, अवसंरचना एवं निवेश, सक्षमता को सामने लाना, हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र को अपनाई गई हैं, जो एक-दुसरे का सम्पूरण करती हैं और अमृत काल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करते हुए सप्तर्षि की भांति कार्य करती हैं।

आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में हेडलाइन मुद्रास्फीति के 6.8 प्रतिशत तक रहने का अनुमान लगाया है, जो लक्षित सीमा के बाहर है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए शहरी बेरोजगारी दर सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही में 9.8 प्रतिशत से घटकर एक वर्ष बाद (सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में) 7.2 प्रतिशत हो गई। इसके साथ-साथ श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में भी सुधार हुआ है, जो वित्त वर्ष 2023 की शुरुआत में अर्थव्यवस्था के महामारी से प्रेरित मंदी से उभरने की पुष्टि करता है।

सामयिक मुद्दे

आर्थिक विकास अथवा वृद्धि से उस प्रक्रिया का बोध होता है जिसके द्वारा किसी देश अथवा प्रदेश के निवासी उपलब्ध साधनों का उपयोग, प्रति व्यक्ति वस्तुओं के उत्पादन में निरन्तर वृद्धि के लिए करते हैं।

भारत में रेल भाड़ा संबंधी चुनौतियां

भारतीय रेलवे (IR) दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है, जिसके द्वारा 1.2 बिलियन टन माल की वार्षिक ढुलाई की जाती है। फिर भी, भारत का 71 प्रतिशत माल सड़क मार्ग से और केवल 17 प्रतिशत रेल द्वारा पहुंचाया जाता है।

भारतीय रेल माल की प्रमुख चुनौतियां

- माल ढुलाई में रेलवे का वर्तमान मॉडल हिस्सा सिर्फ 17 प्रतिशत है।
- हवा, पानी और सड़क समेत कुल माल ढुलाई के हिस्से के रूप में भारत का रेल भाड़ा परिमाण चीन के 47 प्रतिशत और संयुक्त राज्य अमेरिका के 48 प्रतिशत की तुलना में केवल 17 प्रतिशत है।
- स्वर्णिम चतुर्भुज, जो भारत के रेल मार्ग की लंबाई का केवल 16 प्रतिशत हैं, देश के लगभग 52 प्रतिशत यात्रियों और 58 प्रतिशत माल का परिवहन करते हैं।
- भारतीय रेलवे ने समग्र माल ढुलाई में रेल मार्ग के योगदान को बेहतर बनाने के लिए – वायु, जल और सड़क सहित – भारत के लिए एक राष्ट्रीय रेल योजना (NRP) 2030 तैयार की है।
- एनआरपी का उद्देश्य परिचालन क्षमता और वाणिज्यिक नीति पहल दोनों के आधार पर रणनीति तैयार करना है, ताकि माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी को 45% तक बढ़ाया जा सके।

राष्ट्रीय रेल योजना के प्रमुख उद्देश्य हैं-

- माल ढुलाई में रेलवे का हिस्सा बढ़ाकर 45% करने के लिए परिचालन क्षमता और वाणिज्यिक नीति पहल दोनों के आधार पर रणनीति तैयार करना।
- मालगाड़ियों की औसत गति को 50 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाकर माल ढुलाई के पारगमन समय को कम करना।
- राष्ट्रीय रेल योजना के हिस्से के रूप में, 2024 तक कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के लिए विजन 2024 लॉन्च किया गया है, जैसे 100% विद्युतीकरण, भीड़भाड़ वाले मार्गों की मल्टी-ट्रैकिंग, दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई पर 160 किमी प्रति घंटे की गति का उन्नयन अन्य सभी स्वर्णिम चतुर्भुज-स्वर्ण विकर्ण (जीक्यू/जीडी) मार्गों पर 130 किमी प्रति घंटे की गति का उन्नयन और सभी जीक्यू/जीडी मार्गों पर सभी समपारों को समाप्त करना शामिल है।
- नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की पहचान करना।
- 100% विद्युतीकरण (हरित ऊर्जा) और फ्रेट मोडल शेयर बढ़ाने के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए लोकोमोटिव आवश्यकता का आकलन।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और उसकी चुनौतियां

- खाद्य प्रसंस्करण कृषि उत्पादों का भोजन में या भोजन के एक रूप का दूसरे रूपों में रूपांतरण है। जिस उद्योग में कच्चे खाद्य पदार्थों को उपभोग, पकाने या भंडारण के लिए उपयुक्त बनाया जाता है। उद्योग और कृषि के बीच मजबूत संबंधों और अंत:क्रियाओं को बढ़ावा देने के कारण खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का भारत के विकास में अत्यधिक महत्व है।
- वित्तीय वर्ष 21 को समाप्त पिछले पांच वर्षों के दौरान, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र लगभग 8.3 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है।

चुनौतियां

- अपर्याप्त प्राथमिक प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण सुविधाओं में आपूर्ति शृंखला अवसंरचना में अंतराल का मौजूद होना।
- उत्पादन और प्रसंस्करण के बीच अपर्याप्त संबंध।
- इस उद्योग का मौसमी संचालन तथा कम क्षमता उपयोग।
- आपूर्ति शृंखला में संस्थागत अंतराल जैसे एपीएमसी बाजारों पर निर्भरता का होना।
- गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर ध्यान न देना।
- पर्याप्त उत्पाद विकास और नवप्रवर्तन नहीं होना।
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग खाद्य उत्पादों को रासायनिक अभिकर्मकों और परिरक्षकों के साथ संसाधित करके उनके शेल्फ जीवन को बढ़ाने के लिए एक अनूठी प्रक्रिया अपनाते हैं।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का महत्व

- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग रासायनिक अभिकर्मकों और परिरक्षकों के साथ खाद्य उत्पादों को संसाधित कर उसके जीवन अवधि को बढ़ाते हैं।
- भारत कृषि की दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र है और इसकी 50% से अधिक जनसंख्या कृषि क्षेत्र में कार्यरत है। इस प्रकार, भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कच्चे माल की अधिशेष मात्रा है।
- भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय किसानों को उपभोक्ताओं से जोड़ने में सर्वोत्कृष्ट भूमिका है।
- सतत विकास में खाद्य प्रसंस्करण अगला कदम है, क्योंकि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सड़ने की संभावना कम होती है, जिससे भोजन की बर्बादी कम होती है।
- दीर्घ जीवन चक्र के कारण, संसाधित भोजन को दुनिया के विभिन्न भागों में निर्यात किया जा सकता है।
- बढ़ती आबादी के साथ खाद्य पदार्थों की मांग में काफी वृद्धि हो रही है और इस प्रकार मांग को पूरा करने के लिए अधिक एफपीआई की आवश्यकता है।

भारतीय राजव्यवस्था

भारतीय राजव्यवस्था से अभिप्राय है कि शासन का स्वरूप क्या है, शासन का ध्येय क्या है, नीति निर्माण किस प्रकार होता है तथा कौन से तत्व हैं, जो नीतियों के निर्माण को प्रभावित करते हैं। राज्य व्यवस्था न तो पदों का विन्यास होता है और न ही कोरा संवैधानिक कानून।

- सामयिक मुद्दे
- नागरिकता
- निवारक निरोध
- आरक्षण
- धार्मिक अधिकार
- जीवन का अधिकार
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- निदेशक सिद्धांत और कर्तव्य
- सहकारी संघवाद
- केंद्र-राज्य संबंध
- संसदीय व्यवस्था
- स्थानीय स्वशासन
- न्यायपालिका
- चुनाव सुधार
- सुशासन

व्यवस्थित परिवर्तन की जटिल प्रक्रियात्मक व्यवस्था ही संविधानवाद है। - कार्ल जे. फ्रेड्रिक

राजनीतिक व्यवस्था सामान्यत व्यवस्थाओं की सीमाओं के पार, पर्यावरण से तथा परस्पर अंतक्रिया करने वाली उन संरचनाओं, प्रक्रियाओं तथा समस्यों का समुच्चिकरण है, जिसे राजनीतिक अंतक्रिया की इकाई या व्यवस्था कहा जा सकता है।

भारतीय राजव्यवस्था में संविधानवाद एक महत्वपूर्ण आयाम है, जो एक आधुनिक युगीन संकल्पना है, जो विधि और विनियमों द्वारा शासित राजनीतिक व्यवस्था की अपेक्षा करती है। यह व्यक्ति के स्थान पर विधि की सर्वोच्चता का समर्थक है। इसमें राष्ट्रवाद, लोकतंत्र और सीमित (शक्तियों वाली) सरकार के सिद्धान्तों का समावेश होता है। इसका तादात्म्य 'विभक्त शक्तियों' की व्यवस्था के साथ किया जाता है।

राजनीतिक व्यवस्था एक सामाजिक संस्था है, जो किसी देश के शासन से संव्यवहार करती है और लोगों से इसका संबंध प्रकट करती है।

भारत, राज्यों का संघ, एक संप्रभुसत्तासंपन्न, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है, जिसमें शासन की संसदीय व्यवस्था है। भारतीय राजव्यवस्था संविधान के संदर्भ में शासित होती है।

संविधानवाद का अर्थ है, ऐसा सिद्धान्त और व्यवहार, जिसके अन्तर्गत किसी समुदाय का शासन संविधान के अनुसार चलाया जाता है। प्रस्तुत संदर्भ में संविधान का अर्थ है, उन नियमों और प्रक्रियाओं का समुच्चय, जो शासन की संरचना और कार्यों का स्वरूप निर्धारित करती है, शासन के अंगों का विवरण देती है, उनकी शक्तियों और परस्पर संबंधों का निरूपण करती है एवं यह भी निर्दिष्ट करती है कि इन्हें किन-किन सीमाओं और मर्यादाओं के भीतर कार्य करना होगा, ताकि शासन या उनका कोई अंग, किसी तरह की मनमानी न कर पाए।

सामयिक मुद्दे

शासन निर्णय लेने और निर्णय लागू किये जाने की प्रक्रिया है। शासन का उपयोग कई संदर्भों में किया जा सकता है जैसे कि कॉर्पोरेट शासन, अंतरराष्ट्रीय शासन, राष्ट्रीय शासन और स्थानीय शासन।

एक राष्ट्र एक विधान

भारत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक विधान, एक प्रधान और एक निशान की संकल्पना को सामने रखा था। उनका मानना था कि सत्ता का मूल उद्देश्य राज करना नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करना है।

उन्होंने एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के संकल्प के लिए अपना बलिदान देकर कश्मीर से परमिट राज खत्म कर उसे भारत का अभिन्न अंग बनाया।

एक राष्ट्र एक विधान हेतु किये गए प्रयास

एक देश एक चुनाव: एक साथ चुनाव करवाने का समर्थन करते हुए नीति आयोग की मसौदा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में दोनों चुनाव एक साथ होने से शासन व्यवस्था में रुकावटें कम होंगी। देश में पहले भी लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ हो चुके हैं। जैसा की पहली चार लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव 1952, 1957, 1962 और 1967 में हुए थे।

एक देश एक कर प्रणाली: जीएसटी के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और टैक्स की चोरी भी रुकेगी।

एक देश एक राशन कार्ड: एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' (वन नेशन वन राशन कार्ड) योजना के माध्यम से राशन कार्डों की राष्ट्रव्यापी पोर्टेबिलिटी का कार्यान्वयन, भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग का एक महत्वाकांक्षी प्रयास है। 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' प्रवासियों की कठिनाइयों का समाधान करने के लिए राशन कार्डों की राज्य के भीतर तथा अंतर-राज्य पोर्टेबिलिटी के लिए प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली है।

एक देश एक उर्वरक: इस योजना के अंतर्गत यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके आदि के लिए एकल ब्रांड नाम क्रमश: भारत यूरिया, भारत डीएपी, भारत एमओपी और भारत एनपीके का प्रयोग सभी उर्वरक कंपनियों, राज्य व्यापार इकाइयों (एसटीई) और उर्वरक विपणन इकाइयों (एफएमई) द्वारा किया जाएगा। भारतीय जन उर्वरक परियोजना के एक भाग के रूप में 'एक राष्ट्र-एक उर्वरक' योजना की शुरुआत की गयी।

एक राष्ट्र एक वाहन नंबर: केंद्र सरकार अब देशभर के वाहनों का रजिस्ट्रेशन आइएन (इंडिया) के नाम से जारी करने वाहन मालिक को अब एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाने के लिए एनओसी (नान ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

आगे की राह

- एक राष्ट्र एक विधान से देश भर में कानूनों में एकरूपता आयेगी। केंद्र राज्य सम्बन्धों में सहयोग बढ़ेगा तथा सहकारी संघवाद की भावना मजबूत होगी, नागरिकों को कानूनों की जटिलता से मुक्ति मिलेगी।

प्रभावी लोकतंत्र और निर्वाचन सुधार

लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में स्वतंत्र और संप्रभु निर्वाचन प्रणाली का योगदान काफी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह लोगों की इच्छा की स्वतंत्र अभिव्यक्ति और सरकार को वैधता प्रदान करती है। चुनाव एक लोकतांत्रिक गणराज्य के गठन की प्रक्रिया का वह आवश्यक तत्व है, जिसके बिना लोकतंत्र महत्वहीन हो जाएगा, अर्थात् चुनाव या निर्वाचन लोकतंत्र के प्राण तत्व की भांति है।

- **लोकतंत्र में निर्वाचन का महत्व निम्न कारणों से है-**
  - इससे सत्ता परिवर्तन अहिंसक तरीके से होता है।
  - उत्तरदायी और जवाबदेह सरकार का निर्माण करती है।
  - यह राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाती है।
  - यह सामाजिक और राजनीतिक एकीकरण को सुगम बनाती है।
  - यह राजनीतिक दलों को स्वयं आत्म-निरीक्षण करने का अवसर देती है।
  - यह मानव को समाज के लिए कार्य करने का अवसर देता है।
  - यह व्यक्ति को स्थानीय दायरे से ऊपर उठाकर राष्ट्रीयता के दायरे तक ले जाते हैं।
  - इससे व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है।
  - ये सरकार में स्थायित्व लाता है।
  - ये जनता के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का संचार करता है।
  - यह राष्टवाद और देशभक्ति का प्रतीक है।
  - लोक कल्याणकारी कार्य को प्रोत्साहन देता है।

निर्वाचन व्यवस्था के सम्मुख प्रमुख चुनौतियां: राजनीति का अपराधीकरण, निर्वाचन व्यय की समस्या, हिंसा व जाली मतदान, निर्वाचन नामावलियों से सम्बन्धित त्रुटियाँ, मत व परिणाम के मध्य असंतुलन, राजनीतिक दलों की बढ़ती संख्या, विधिहीन आचार संहिता, सरकारी मीडिया का दुरुपयोग, मतदाता पहचान पत्र का दोहराव, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से सम्बन्धित त्रुटियां, निर्वाचकों की अनुपस्थिति राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का राजनीतिकरण, जाति-धर्म का राजनीति से सम्बन्ध, सांप्रदायिकता के साथ-साथ सोशल मीडिया दुरुपयोग, भ्रामक खबरें तथा चुनावों में लोगों की कम भागीदारी आदि प्रमुख चुनौती के रूप में खड़ी है।

सुधार हेतु उठाए गए कदम

- चुनावी बांड के द्वारा पारदर्शिता को बढ़ावा दिया गया है।
- चुनाव लड़ने हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिए स्वयं के और अपने परिवार के सदस्यों के आय के स्रोतों का ब्योरा देना अनिवार्य किया गया है।
- चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने आपराधिक रिकॉर्ड सहित सभी व्यतिगत जानकारी प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय व द्विपक्षीय सम्बन्ध

एक राष्ट्र के रूप में भारत का जन्म विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि में हुआ था। ऐसे में भारत ने अपनी विदेश नीति में अन्य सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करने और शांति कायम करके अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का लक्ष्य सामने रखा। इस लक्ष्य की प्रतिध्वनि संविधान के नीति–निर्देशक सिद्धांतों में सुनाई देती है।

- सामयिक मुद्दे
- भारत का द्विपक्षीय सम्बन्ध
- भारत और क्षेत्रीय संबंध
- भारतीय विदेश नीति
- भारत और प्रमुख क्षेत्रीय संगठन
- भारत की परमाणु नीति

मॉडेल्स्की के अनुसार-कोई राष्ट्र अन्य राष्ट्रों के व्यवहार में परिवर्तन करवाने के लिए और गतिविधियों को अन्तरराष्ट्रीय पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए जो उपाय करता है, विदेश नीति कहलाती है। प्रत्येक संप्रभु देश की एक विदेश नीति होती है। भारत की भी अपनी एक विदेश नीति है। विदेश नीति के अंतर्गत कुछ सिद्धांत, हित और वे सभी उद्देश्य आते हैं, जिन्हें किसी दूसरे राष्ट्र से संपर्क के समय बढ़ावा दिया जाता है।

विदेश नीति के संचालन में राष्ट्रीय हित रूपी साध्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राष्ट्रीय हित तथा विदेश नीति के आपसी सम्बन्धों को जानने कि लिए राष्ट्रीय हित द्वारा विदेश नीति को प्रभावित करने वाली भूमिका का अध्ययन करना जरूरी है। राष्ट्र-हित की प्रभावकारी भूमिका को निम्न प्रकार से समझा जा सकता है-

1) राष्ट्रीय हित विदेश नीति को अन्तरराष्ट्रीय परिवेश में प्रतिस्थापित करता है।
2) राष्ट्रीय हित विदेश नीति को नियन्त्रित करने वाले मापदण्डों का विकल्प प्रदान करता है।
3) राष्ट्रीय हित विदेश नीति को निरन्तरता प्रदान करता है और उसे गतिशील बनाता है।
4) विदेश नीति स्वयं को राष्ट्रीय हित के सन्दर्भ में परिवर्तित अन्तर्राष्ट्रीय परिवेश में समायोजित करती है, अर्थात स्वयं को बदली अन्तरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुसार ढालती है।
5) राष्ट्रीय हित विदेश नीति को मजबूत आधार प्रदान करते हैं, क्योंकि ये समाज के समन्वित एवं सर्वसम्मति पर आधारित मूल्यों की अभिव्यक्ति होते हैं।
6) राष्ट्रीय हित विदेश नीति का दिशा-निर्देशन करते हैं। जिस तरह राष्ट्रीय हित विदेश नीति का आधार होता है, उसी तरह विदेश नीति राष्ट्रीय हित का निर्देशन करती है।

सामयिक मुद्दे

अंतर्राष्ट्रीय संबंध से तात्पर्य दो या अधिक राष्ट्रों के मध्य संबंधों के स्वरूप से है, जिसमें राजनीतिक आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामरिक संबंध स्थापित होते हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार

संयुक्त राष्ट्र और उसकी सुरक्षा परिषद का विश्व में महत्वपूर्ण स्थान है तथा विश्व शांति और विकास में इसने महती भूमिका का निर्वाह किया है, परन्तु बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य जिसमें वैश्विक व्यवस्था में अमेरिकी एकध्रुवीयता से लेकर बहुपक्षीय संस्थानों और बहुध्रुवीयता के उदय तक बड़े पैमाने हुए बदलाव ने इसकी कार्यप्रणाली और भूमिका में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया है ।

सुधार की आवश्यकता

- संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना में व्याप्त दोष को रेखांकित किया तथा कहा कि P5 देशों के विशेषाधिकारों से परे जाना और एक अधिक लोकतांत्रिक एवं प्रतिनिधिक सुरक्षा परिषद की तलाश करना आवश्यक है।

UNSC से संबंधित मुद्दे

- पर्याप्त प्रतिनिधित्व का अभाव, क्योंकि 54 देशों के महाद्वीप अफ्रीका की अनुपस्थिति इसमें सर्वाधिक प्रासंगिक है।
- भारत, जर्मनी, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे विश्व स्तर पर महत्त्वपूर्ण देशों को UNSC स्थायी सदस्यों की सूची में प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं होना।
- वीटो पावर का दुरुपयोग।
- P5 देशों में से किसी की भी असंतुष्टि की स्थिति में परिषद आवश्यक निर्णय ले सकने की अक्षमता।
- P5 देशों के मध्य भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता।
- राज्य की संप्रभुता के लिये खतरा, अर्थात किसी भी राज्य की संप्रभुता को, यदि आवश्यक हो तो कार्रवाई के माध्यम से अतिक्रमित किया जा सकता है।

भारत का पक्ष

- भारत सुरक्षा परिषद् के अस्थायी और स्थायी दोनों ही तरह के सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी चाहता है।
- भारत परिषद का विस्तार चाहता है, क्योंकि इससे सुरक्षा परिषद् ज्यादा प्रतिनिधिमूलक होगी और विश्व बिरादरी का ज्यादा समर्थन मिलेगा।
- भारत सुरक्षा परिषद् के अस्थायी और स्थायी दोनों ही तरह के सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी चाहता है।

आगे की राह

- वर्तमान में सुरक्षा परिषद वैश्विक समस्याओं पर एक तरह से निरर्थक चर्चा का मंच बनकर रह गई है।
- यह यूक्रेन युद्ध, दक्षिण चीन सागर में चीन की मनमानी के मामले विश्व जनमत के समक्ष सामने आ चुका है। कुछ वैश्विक ताकतों की मनमानी ने सुरक्षा परिषद को एक तरह से असहाय और निरुपाय बना दिया है।
- इसलिए इस परिषद् में सुधार की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता है। "महासभा एकमात्र ऐसा यूएन निकाय है, जिसके पास सुरक्षा परिषद में सुधार के सवाल के समाधान की तलाश करने का शासनादेश है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 सदस्य देश हैं और इसे सम्पूर्ण यूएन प्रणाली का सर्वाधिक प्रतिनिधि अंग माना जाता है।

G20 और भारत के लिए अवसर

द ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G20) अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक वास्तुकला और शासन को आकार देने और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 तक G20 की अध्यक्षता करेगा।

G20 प्रेसीडेंसी का महत्व

- G20 सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85%, वैश्विक व्यापार के 75% से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस संदर्भ में, जी-20 की अध्यक्षता भारत को अंतरराष्ट्रीय महत्व के अहम मुद्दों पर वैश्विक एजेंडे में योगदान करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।
- भारत एक ओर विकसित देशों के साथ घनिष्ठ संबंध रखता है, वहीं विकासशील देशों के विचारों को अच्छी तरह समझता और अभिव्यक्त करता है। इसी आधार पर देश दशकों से विकास के पथ पर भारत के सहयात्री रहे 'ग्लोबल साउथ' के उन सभी मित्रों के साथ मिलकर जी-20 प्रेसीडेंसी का खाका तैयार करेगा।
- भारत ऊर्जा, कृषि, व्यापार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और पर्यावरण से लेकर रोजगार, पर्यटन, भ्रष्टाचार विरोधी और महिला सशक्तिकरण तक विविध सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की पहचान, हाइलाइट, विकास और मजबूत करेगा। फोकस क्षेत्रों में शामिल है, जो सबसे कमजोर और वंचितों को प्रभावित करते हैं।

G20 में भारत के महत्वपूर्ण क्षेत्र

आतंक: आतंकवाद के खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए एक दृढ़ और समन्वित अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई जरूरी है।

आर्थिक अपराधी: भारत और अन्य G20 सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण नीतिगत चिंता के रूप में भारत ने आर्थिक अपराधियों से निपटने को प्राथमिकता दी है।

भारत के पड़ोसी देश

भारत ने हमेशा से पड़ोस की विचारधारा को ऐसी विचारधारा के रूप में परिभाषित किया है, जिसके क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक समानताओं की मध्य धुरी के इर्द-गिर्द निरन्तर विकास हो।

- सामयिक मुद्दे
- भारत-पाकिस्तान
- भारत-अफ़्गानिस्तान
- भारत-चीन
- भारत-नेपाल
- भारत-भूटान
- भारत-बांग्लादेश
- भारत-म्यांमार
- भारत-श्रीलंका

भूगोल ने हमें पड़ोसी, इतिहास ने मित्र, अर्थशास्त्र ने भागीदार तथा आवश्यकता ने सहयोगी बना दिया है। जिन्हें भगवान ने ही इस प्रकार जोड़ा है, उन्हें इन्सान कैसे अलग कर पाए! -जॉन एफ़ कैनेडी

एक सुरक्षित, स्थायी, शांतिपूर्ण तथा समृद्धशाली पड़ोस भारतीय सुरक्षा संरचना का केंद्र-बिंदु है। भारत, आपसी सूझबूझ एवं क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देने की दृष्टि से अपने पड़ोसियों के साथ सक्रिय तथा सहयोगात्मक कार्यों को आगे बढ़ाता रहा है।

गतिशील क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा परिवेश भारत के लिए विस्तृत चुनौतियां पेश करता है, जिनका तेजी से और कारगर ढंग से मुकाबला किया जाना चाहिए; ताकि देश का विकास एवं उत्थान तथा यहां के लोगों का विकास बनाए रखा जा सके और उसमें मदद दी जा सके। यह देश और हमारी रक्षा सेनाएं सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्णतः तैयार हैं।

भारत अपने पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण सहयोग की नीति का अनुसरण करता है। हालांकि यह नीति बहुत कठिन रही है। गत दशक में अनेक बाधाएं आईं, जिन्होंने द्विपक्षीय सम्बन्धों को खराब किया। भारत का हमेशा से यह नीति रही है कि अपने पड़ोसियों के साथ उत्तम व्यवहार करे, भारत आजादी के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय शांति की बात करता रहा है तथा अपने पड़ोसियों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति अपनाता रहा है।

भारत के पड़ोसी देश हैं- श्रीलंका, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार एवं बांग्लादेश। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात से ही भारत ने अपने सभी पड़ोसी देशों से निकटतम संबंध बनाए रखने का निरंतर प्रयास किया है।

भारत ने हमेशा से पड़ोस की विचारधारा को ऐसी विचारधारा के रूप में परिभाषित किया है, जिसके क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक समानताओं की मध्य धुरी के इर्द-गिर्द निरन्तर विकास हो।



सामयिक मुद्दे

राष्ट्र की सुरक्षा एवं संपन्नता को सुनिश्चित करने के लिये न सिर्फ पड़ोसी देशों के साथ बल्कि अन्य राष्ट्रों के साथ भी सकारात्मक एवं सौहार्द्रपूर्ण संबंध सहायक सिद्ध होते हैं।

भारत-नेपाल संबंध

नेपाल, भारत का एक महत्त्वपूर्ण पड़ोसी है और सदियों से चले आ रहे भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों के कारण अपनी विदेश नीति में एक विशेष महत्त्व रखता है।

भारत-नेपाल संबंध का आधार

- दोनों देश न केवल एक खुली सीमा और लोगों की निर्बाध आवाजाही साझा करते हैं, बल्कि विवाह और पारिवारिक संबंधों के माध्यम से भी उनके बीच घनिष्ठ संबंध हैं।
- 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि दोनों देशों के बीच के मजबूत संबंधों को आधार प्रदान करती है। भारत, नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है।
- नेपाल एक भू-आबद्ध देश होने के कारण तीन तरफ से भारत से घिरा हुआ है। अतः यह नेपाल को अन्य दुनिया से जोड़ने की सुविधा प्रदान करता है।
- द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में उपकरण और प्रशिक्षण के प्रावधान के माध्यम से नेपाली सेना को उसके आधुनिकीकरण में सहायता देना।
- भारतीय सेना की गोरखा रेजीमेंटों का गठन आंशिक रूप से नेपाल के पहाड़ी जिलों से भर्ती करके किया जाता है।
- भारत और नेपाल कई बहुपक्षीय मंचों को साझा करते हैं।

भारत-नेपाल के बीच वर्तमान मुद्दे

- भारत के अग्निपथ योजना पर गोरखाओं की भर्ती प्रक्रिया पर नेपाल की आपत्ति।
- नेपाल ने एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी करते हुए उत्तराखंड के कालापानी, लिंपियाधुरा एवं लिपुलेख पर और बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के सुस्ता क्षेत्र पर अपना दावा जताया।
- 1950 में शांति और मित्रता की संधि नेपाल द्वारा असमान संबंध और भारतीय प्रभाव थोपने के रूप में देखना।
- नेपाल राष्ट्र बैंक (नेपाल का केंद्रीय बैंक) के पास 7 करोड़ भारतीय पुराने रुपए हैं और भारत का इसे बदलने से इंकार।
- नेपाल राष्ट्र बैंक के पास विमुद्रीकृत बिलों को स्वीकार करने से भारत का इनकार।
- नेपाल की नदियों का सही से प्रबंधन न होने के कारण बिहार में बाढ़।

चीन की भूमिका

- नेपाल, चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) में एक महत्वपूर्ण भागीदार।
- चीन द्वारा नेपाल को चार बंदरगाहों और तीन भूमि बंदरगाहों तक पहुंच प्रदान।
- चीन द्वारा पोखरा और लुंबिनी हवाई अड्डा का विस्तार।
- चीन, नेपाल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारत से आगे।

भारत-श्रीलंका संबंध के लिए चुनौतियां

भू-रणनीतिक दृष्टिकोण से, हिंद महासागर में श्रीलंका की स्थिति महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रमुख वाणिज्य समुद्री मार्ग इस देश से होकर गुजरते हैं। परिवहन के संदर्भ में, दुनिया का लगभग दो-तिहाई तेल और दुनिया का आधा कंटेनर शिपमेंट श्रीलंका के दक्षिणी तट से होकर गुजरता है, जो हिंद महासागर की संचार लाइनों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

भारत-श्रीलंका संबंधों में मुद्दे

चीन का दखलः श्रीलंका में चीन के आर्थिक पदचिह्न का तेजी से विस्तार भारत-श्रीलंका संबंधों पर दबाव डाल रहा है। 99 साल की लीज पर, श्रीलंका ने हंबनटोटा के महत्वपूर्ण बंदरगाह को चीन को सौंप दिया, जिसके चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। बंदरगाह को चीन की मोतियों की माला रणनीति के एक भाग के रूप में देखा जाता है। श्रीलंका ने एक विशेष आर्थिक क्षेत्र और कोलंबो के बंदरगाह शहर के आसपास एक नया आर्थिक आयोग बनाने के लिए चुना है, दोनों को चीन द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा।

कच्चाथीवू द्वीप मुद्दाः यह एक निर्जन द्वीप है, जिसे भारत ने 1974 में श्रीलंका को सौंप दिया था। एक कैथोलिक धर्मस्थल की उपस्थिति के कारण, श्रीलंका ने बाद में कच्चातीवू को एक पवित्र क्षेत्र घोषित किया। समझौते के अनुसार, केंद्र सरकार द्वीप पर श्रीलंका की संप्रभुता का सम्मान करती है। हालांकि, तमिलनाडु का दावा है कि कच्चाथीवू भारतीय क्षेत्र का हिस्सा है।

श्रीलंका के संविधान का 13वां संशोधनः 1987 में श्रीलंका में संघर्ष का राजनीतिक समाधान खोजने के लिए भारत-श्रीलंका समझौता हुआ था। यह एक संयुक्त श्रीलंका के भीतर समानता, न्याय, शांति और सम्मान के लिए तमिल लोगों की उचित मांग को पूरा करने के लिए प्रांत परिषदों को आवश्यक शक्तियों के हस्तांतरण की मांग करता है।

आगे की राह

- भारत और श्रीलंका को लोगों से लोगों के संपर्क को बढ़ावा देने के तरीकों की तलाश करनी चाहिए।
- दोनों देश आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देने के लिए निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।
- सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बिम्सटेक, सार्क, सागर और आईओआरए जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था की वकालत करनी चाहिए। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के सामरिक हितों को श्रीलंका के साथ नेबरहुड फर्स्ट नीति को बनाए रखते हुए संरक्षित किया जाना चाहिए।
- श्रीलंका में चीन की बढ़ती भूमिका को रोकने के लिए भारत को जाफना में कांकेसंतुरई बंदरगाह और त्रिंकोमाली में तेल टैंक फार्म परियोजना पर काम करना जारी रखना चाहिए।